# विकास के दावों पर सवाल: 2 किमी तक खाट पर ढोए जाते हैं मरीज, कीचड़ भरे रास्तों से स्कूल जाते बच्चे

**ग्रामीणों की मांगें**

- बावड़ीखेड़ा टप्पर से टीकामोड तक पक्की सड़क का निर्माण।
- पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ।
- बारिश में सुरक्षित आवागमन के लिए नालों पर पुलिया निर्माण।
- आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वाहन पहुंचने योग्य मार्ग उपलब्ध कराना।



**कीचड़ और नालों के बीच स्कूल पहुंचते हैं बच्चे**

*बावड़ीखेड़ा टप्पर से टीकामोड हाई स्कूल तक कक्षा 9वीं और 10वीं के करीब छह छात्र-छात्राएं प्रतिदिन दो किलोमीटर पैदल सफर करते हैं। कच्चा रास्ता बारिश में कीचड़ से भर जाता है और कई स्थानों पर नालों में पानी भरने से बच्चों को जोखिम उठाकर निकलना पड़ता है। कई बार खराब रास्ते के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।*

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा:** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और मूलभूत सुविधाओं के दावों के बीच जनपद पंचायत भैरूंदा की ग्राम पंचायत टीकामोड के बावड़ीखेड़ा टप्पर की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। यहां सड़क, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और खराब हो जाते हैं। मरीजों को खाट पर लिटाकर दो से ढाई किलोमीटर तक पैदल मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है, वहीं स्कूली बच्चे कीचड़ और नालों को पार कर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं।

बावड़ीखेड़ा टप्पर में करीब एक दर्जन कच्ची झोपड़ियों में परिवार निवास कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क, आवास और अन्य सुविधाओं की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है। बरसात में गांव का संपर्क लगभग टूट जाता है और सामान्य आवागमन भी मुश्किल हो जाता है।

**मरीजों को खाट पर ले जाना मजबूरी:** ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक वाहन पहुंचने की सुविधा नहीं है। गंभीर बीमारी या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने की स्थिति में मरीज को खाट पर लिटाकर करीब दो से ढाई किलोमीटर तक पैदल टीकामोड तक ले जाना पड़ता है। इसके बाद ही एंबुलेंस या अन्य वाहन उपलब्ध हो पाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आपात स्थिति में यह देरी परेशानी बढ़ा सकती है।

ग्रामीण शिवलाल ने बताया कि वे लंबे समय से सड़क और आवास की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को जनसुनवाई में भी ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि टप्पर पर रहने वाले कई परिवार अभी भी शासन की योजनाओं से वंचित हैं।

ग्रामीण गोविंद वर्मा ने बताया कि बारिश के दौरान कच्चे रास्ते और उफनते नालों से होकर निकलना मजबूरी बन जाता है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को होती है। उन्होंने बताया कि गांव में केवल मिडिल स्कूल तक शिक्षा की सुविधा है, जबकि आगे की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को टीकामोड हाई स्कूल जाना पड़ता है।

**सरपंच ने कही सड़क निर्माण की बात:** ग्राम पंचायत टीकामोड के सरपंच दीपक मीणा ने बताया कि बावड़ीखेड़ा टप्पर से टीकामोड स्कूल तक करीब दो किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। बारिश समाप्त होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची प्राप्त हो चुकी है और पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास का लाभ दिलाया जाएगा।

ग्रामीणों को उम्मीद है कि वर्षों से चली आ रही समस्याओं का समाधान अब केवल आश्वासनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल्द ही धरातल पर भी दिखाई देगा।

## तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल से

**गंजबासौदा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 30 जुलाई से होगा, जो 1 अगस्त तक श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न होगा। आश्रम में आयोजित होने वाला यह धार्मिक आयोजन काशी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज के सानिध्य में होगा। महोत्सव की शुरुआत आश्रम परिसर में पीपल का पौधा रोपकर की गई। आश्रम के महंत स्वामी हरिहर दास जी महाराज ने बताया कि 30, 31 जुलाई और 1 अगस्त को प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक जगद्गुरु स्वामी डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज के दिव्य आशीर्वचन एवं धर्म प्रवचन होंगे।

# आर्मी जवान मनीष पाल का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, नम आंखों से दी विदाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा:** ग्राम उदयपुर निवासी भारतीय सेना के जवान मनीष पाल का मंगलवार दोपहर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मनीष पाल का सोमवार को चंडीगढ़ में निधन हो गया था। वे मात्र 26 वर्ष के थे। मनीष पाल वर्ष 2018 में भारतीय सेना की 56 आर्मर्ड रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। चंडीगढ़ से उनके पार्थिव शरीर को लेकर सेना के जवान उदयपुर पहुंचे। इस दौरान भाल बामोरा चौराहे से वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ पार्थिव यात्रा गांव तक पहुंची।

**सेना ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर:** गांव में सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जवान मनीष पाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सेना के जवानों ने फायर कर उन्हें अंतिम सलामी दी। अंतिम यात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से जवान को विदाई दी।

मनीष पाल के पिता दयाराम और बड़े भाई का पहले ही निधन हो चुका था। देश सेवा की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने गांव में मेहनत की और सेना में भर्ती होकर देश की सेवा का संकल्प पूरा किया।

मनीष पाल के निधन की सूचना मिलने के बाद ग्राम उदयपुर विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी भी भावुक हो गए। विद्यार्थियों ने मार्ग के किनारे कतार में खड़े होकर 'भारत माता की जय' के जयघोष के साथ जवान को अंतिम विदाई दी।

# नवांगतुक मुख्य सचिव को लकड़ी का हल भेंट कर किसानों की समस्या हल करने की मांग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी, रामाखेड़ी सहित विभिन्न गांवों के किसानों ने किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में भोपाल स्थित वल्लभ भवन पहुंचकर मध्य प्रदेश के नव नियुक्त मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान किसानों ने भारतीय कृषि संस्कृति के प्रतीक लकड़ी का हल भेंट कर उनका सम्मान किया।

भेंट के दौरान एम.एस. मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण सम्मान निधि की दो किस्तों की ?4,000 की राशि जारी किए जाने पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था, विद्युत मंडल की लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा अन्य जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग प्रमुखता से रखी।

किसानों ने मुख्यमंत्री मॉनिटर प्रकरण के अंतर्गत सीहोर जिले के विभिन्न गांवों में अनुसूचित जाति बस्ती विकास योजना के तहत पिछले वर्ष स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्यों की लंबित राशि शीघ्र जारी कर निर्माण शुरू कराने का भी अनुरोध किया। उनका कहना था कि राशि आवंटित नहीं होने से कई विकास कार्य लंबे समय से रुके हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने किसानों की सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अनुसूचित जाति बस्ती विकास योजना के तहत स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्यों की राशि जारी कराने तथा अन्य ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर किसानों ने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित विकास कार्यों को शीघ्र गति मिलेगी और किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सकेगा।

## किशोरों को फास्ट फूड पसंद है, लेकिन यह एक 'स्लो पॉइज़न' है

**विदिशा।** राष्ट्रीय किशोर दिवस के अवसर पर आइएपी विदिशा द्वारा मघधम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के किशोर बच्चों के लिए आयोजित कार्यशाला में आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्षएवं मेडिकल कॉलेज की शिशु विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि किशोर अवस्था ञ्चटीनएज ज़िंदगी की वह स्टेज है जब शरीर और दिमाग दोनों तेज़ी से बढ़ते हैं। यह पूरी ज़िंदगी की हेल्थ के लिए फाउंडेशन पीरियड होता है। इन सालों में सही न्यूट्रिशन कोई चॉइस नहीं है बल्कि यह एक ज़रूरत है , और सही पोषण की ज़रूरत होती हैं क्योंकि शरीर में विभिन्न प्रकार के शारीरिक , मानसिक , भावनात्मक और हार्मोनल बदलाव होते हैं और इस समय सही खानपान, सलाह और व्यायाम तथा दिशा निर्देश की आवश्यकता होती है लेकिन लुभावने विज्ञापनों , सोशल मीडिया और टीवी , मोबाइल , लैपटॉप के आकर्षण से अपना समय व्यतीत करने लगते हैं।

## गुरु पूर्णिमा पखवाड़े में छात्राओं ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

**सिलवानी।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलवानी में स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। 15 जुलाई से 29 जुलाई तक चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को छात्राओं ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़े आकर्षक पोस्टर तैयार किए। इसके बाद जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र सिंह ठाकुर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय वह मंच है, जहां से विद्यार्थी एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी गतिविधियों से हमें महत्वपूर्ण सीख मिलती है। कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि विद्यार्थी विद्यालय से प्राप्त सीख को अपने घर और समाज तक पहुंचाएं, जिससे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़े।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं और रैली में सहभागिता की।

# सागौन तस्करी नाकाम, वन विभाग ने दो बाइक सहित 50 हजार का माल जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा/लाड़कुई:** सीहोर वन मंडल के लाड़कुई वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने सागौन की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो बिना नंबर की मोटरसाइकिल और सागौन की सिल्ली जब्त की है। कार्रवाई के दौरान वन अमले को देखकर तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में फरार हो गए। विभाग ने आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

वन विभाग के अनुसार 27 जुलाई की रात मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन मंडलाधिकारी अर्चना पटेल के निर्देशन और लाड़कुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद्र उईके के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सिराड़ी से पिपलानी मार्ग स्थित सिराड़ी घाट के पास निगरानी शुरू की।

रात करीब 11.30 बजे सूचना मिली कि जंगल में मोटरसाइकिलों पर सागौन की चरपट (सिल्ली) रखी गई है। सूचना के बाद वन अमले ने टॉर्च की मदद से जंगल में सर्चिंग की। इस दौरान दो बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलों पर सागौन की सिल्ली बंधी मिली। मौके पर मौजूद लोग वन अमले को देखते ही जंगल की ओर भाग निकले।

वन विभाग ने दोनों मोटरसाइकिलों और जब्त वनोपज को वनरक्षक नाका घुटवानी पहुंचाकर माप कराया। जांच में सात नग सागौन की सिल्ली मिली, जिसका कुल आयतन 0.182 घन मीटर पाया गया। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत 16 हजार 380 रुपये और अवैध परिवहन में प्रयुक्त दोनों मोटरसाइकिलों की कीमत 34 हजार रुपये आंकी गई। कुल मिलाकर 50 हजार 380 रुपये का मशरूका जब्त किया गया।

कार्रवाई में वनपाल ओम कुमार गोयल, वनरक्षक अरुण पैठारी, सूरजपाल राजपूत, यशवंत गोयल, अमर सिंह रावत सहित वन सुरक्षा श्रमिकों और अन्य वन अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सिंहस्थ में हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था, ड्रोन से 8 किमी तक होगी निगरानी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन:** सिंहस्थ महापर्व 2028 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और बेहतर भीड़ प्रबंधन के लिए इस बार अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसी कड़ी में शिप्रा नदी तट पर हाईटेक ड्रोन का लाइव डेमो आयोजित किया गया, जिसमें देश की विभिन्न विशेषज्ञ कंपनियों ने अपनी तकनीक का प्रदर्शन किया।

राणोजी की छत्री के समीप आयोजित ड्रोन डेमो में प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता, संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा ने ड्रोन तकनीक का अवलोकन किया।

चेन्नई, दिल्ली और गुरुग्राम से पहुंची विशेषज्ञ कंपनियों ने ऐसे अत्याधुनिक ड्रोन प्रदर्शित किए, जो करीब 8 किलोमीटर तक के क्षेत्र की प्रभावी निगरानी करने में सक्षम हैं। डेमो के दौरान ड्रोन से शिप्रा घाट, मेला क्षेत्र, प्रमुख मार्गों और आसपास के इलाकों की लाइव मॉनिटरिंग कर अधिकारियों को जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने ड्रोन की कैमरा क्षमता, लंबी उड़ान क्षमता, तेज डेटा ट्रांसमिशन और आपदा प्रबंधन में उपयोगिता का परीक्षण किया। इन ड्रोन से मिलने वाली रियल टाइम तस्वीरें और उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो सीधे मुख्य कंट्रोल रूम तक पहुंचेंगे, जिससे आपात स्थिति, भीड़ नियंत्रण और संभावित भगदड़ जैसे हालात में तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीक और स्मार्ट मैनेजमेंट के माध्यम से सिंहस्थ को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य बनाया जाएगा, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वहीं एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि स्मार्ट ड्रोन भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और आपदा राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के लिए सड़कों के चौड़ीकरण, नए पुलों के निर्माण, घाटों के विकास, पेयजल, बिजली, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। अब अत्याधुनिक ड्रोन और इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के जुड़ने से सिंहस्थ सुरक्षा और तकनीक के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## कार्यालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम एवं समुचित सरकार
## मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

राजस्व प्रकरण क्रमांक: 0012/अ-82/2025-26

क्रमांक: /भू-अर्जन/2026 — नर्मदापुरम, दिनांक : 17.07.2026

### घोषणा

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) अंतर्गत धारा-19**

चूंकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 के कॉलम (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कॉलम (6) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है। राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में नर्मदापुरम टिमरनी मार्ग का 2-लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण कार्य हेतु तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम के ग्राम धरमकुण्डी की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है।

अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची-1**

| जिला | तहसील | ग्राम | अर्जित रकबा लगभग क्षेत्रफल हे. में | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| नर्मदापुरम | सिवनी मालवा | धरमकुण्डी | 3.2166 | संभागीय प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास निगम नर्मदापुरम (म.प्र.) | नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का 2-लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण कार्य |

**अनुसूची-2**
**(प्रभावित धारकों की सूची)**

| क्र. स. | भूमि स्वामी का नाम/पिता का नाम/निवास स्थान | खसरा नं. | कुल रकबा हे. में | प्रभावित रकबा हे. में | अर्जित भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | ममताबाई पति उत्तमसिंह जाति रघुवंशी पता चतरखेडा सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 202/1 | 0.9210 | 0.0213 | सिंचित |
| 2 | दुर्गेश नन्दनी बेवा पुरुषोत्तम नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/28, मीराबाई पुत्री फूलचंद नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/35, कृष्णा पिता फूलचंद नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/35, महेश पिता प्रहलाद नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/28, अशोक पिता कलीराम पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/56, जसुमती पुत्री फूलचंद नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/35, नेहा नाबालिग पिता पुरुषोत्तम नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/28, कैलास पिता कलीराम पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/56, बाबूलाल पिता कलीराम पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/56, नरेन्द्र कुमार पिता कलीराम पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/56, राजू पिता कलीराम पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/56, शकुन पुत्री कलीराम पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/56, दुलारी बेवा फूलचंद पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/35, केशव नाबालिग पिता पुरुषोत्तम वली दुर्गेशनन्दनी नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/28, सुरेश पिता फूलचंद पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/35, विनीता पिता पुरुषोत्तम नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/28, जुगलकिशोर पिता कलीराम पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/56, कुसुम पुत्री कलीराम पता नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/56, लक्ष्मीबाई बेवा प्रहलाद सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/28, ऊषा पुत्री प्रहलाद नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/28, सुशीला पिता गनपत सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/98, शशिबाला पुत्री चन्द्रशेखर नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/70, कुंसुमबाई पिता गनपत नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/98, शुभलता बेवा विजय मेघना विवेक पिता विजय पिता गनपत नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/98, प्रकाश पिता गनपत नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/98, लक्ष्मीबाई पिता गनपत नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/98, रामकुंअर बेवा चन्द्रशेखर नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/70, सरिता बेवा गिरीशचन्द्र आर्यन मुस्कान पिता गिरीश चंद्र नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/70, राजेन्द्र पिता गनपत नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/98, रेखाबाई पिता भुजवलसिंह नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/14, अविनाश, किरणबाई, शकुनबाई पिता रेवाराम, विमलाबाई बेवा भगतराम, वीरेन्द्र, शैलेन्द्र, शैलजा, नीरजा, संध्या पिता भगतराम नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/70, भारतीबाला पुत्री चन्द्रशेखर नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/70, सतीश पिता गनपत नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/98, देवेन्द्र, ज्योति अर्चना, वंदना पिता लक्ष्मीनारायण नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/14, रमेश पिता प्रहलाद नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/28, रंजना बेवा हरीषचंद्र, दिव्यांश, अमिता, तनिषा पिता हरीषचंद्र नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/70 | 450/1 | 1.1540 | 0.1446 | सिंचित |
| 3 | रामशंकर पिता मांगीलाल जाति कुम्हार पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 451/10 | 0.4340 | 0.3341 | सिंचित |
| 4 | रामशंकर पिता मांगीलाल जाति कुम्हार पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 458/2 | 1.1360 | 0.3715 | सिंचित |
| 5 | राममूर्ति पिता मांगीलाल जाति कुम्हार पता सा. देह भूमि स्वामी | 457/1 | 0.2830 | 0.1063 | सिंचित |
| 6 | सियावरदास, राधेलाल, ममताबाई- नर्मदाप्रसाद जाति कुलमी पता सा.देह भूमि स्वामी | 509 | 0.8900 | 0.4542 | सिंचित |
| 7 | कन्हैयालाल पिता लक्ष्मणप्रसाद जाति केवट पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 508 | 1.2910 | 0.3435 | सिंचित |
| 8 | अब्दुल अलीम खां पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/8, अब्दुल नसीम खां पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/8, अब्दुल शमीम खां पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/8, जरीना बी पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/8, लहलीम खां पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/8, सकीना बी पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/8, सलीम खां पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/8, कलीम खां पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी 1/8. | 520/1 | 1.1530 | 0.5572 | सिंचित |
| 9 | अब्दुल समीम खां पिता अब्दुल हसीब खा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 520/2 | 1.1330 | 0.0791 | सिंचित |
| 10 | वाबूलाल पिता सुन्दरलाल जाति बारवल पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 504/2 | 0.5220 | 0.3491 | सिंचित |
| 11 | गौरव नाबालिग पिता बाबूलाल जाति खंगार पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 504/1 | 0.3640 | 0.2769 | सिंचित |
| 12 | विकास गौर पिता शिवप्रसाद पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 474/3/1 | 0.3263 | 0.0056 | सिंचित |
| 13 | विमलाबाई पत्नी रेवतीप्रसाद जाति मेहरा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 474/1 | 0.2640 | 0.0287 | सिंचित |
| 14 | शुभम गौर पिता अनिल गौर जाति कुर्मी पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 480/1 | 0.1090 | 0.0286 | व्यावसायिक |
| 15 | राकेशकुमार पिता सियावरदास जाति कुर्मी पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 480/2 | 0.1090 | 0.0240 | व्यावसायिक |
| 16 | श्रवी पिता बाबूलाल जाति बारबल पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 501/2/1 | 0.2280 | 0.0127 | सिंचित |
| 17 | कन्हैयालाल पिता लक्ष्मणप्रसाद जाति ढीमर पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 482/1 | 0.5510 | 0.0285 | सिंचित |
| 18 | पुष्पाबाई पुत्री गोकल प्रसाद जाति ढीमर पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी ½, शकुन बाई पति गोकल प्रसाद जाति ढीमर पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 482/2 | 0.5500 | 0.0366 | सिंचित |
| 19 | दुर्गा पुत्री बलदेव, राकेश पिता बलदेव, मुकेश पिता बलदेव, संतोष पिता बलदेव, सालकराम पिता बलदेव पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्य प्रदेश भूमि स्वामी | 482/3 | 0.5500 | 0.0115 | सिंचित |
| 20 | सीताबाई पत्नी रामाधार जाति लोधा पता धरमकुंडी सिवनी मालवा नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 483/2 | 1.3600 | 0.0026 | सिंचित |
| | **कुल योग** | | | **3.2166** | |

नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का 2-लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण कार्य हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी, तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम के कार्यालय में किया जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (सोमेश मिश्रा)**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

म.प्र. माध्यम/127200/2026